Business Bhaskar 13.3.12 Page. 3

छोटी कार लाने की तैयारी में मित्सुबिशी

बिजनेस भास्कर ◆ नई दिल्ली

जापानी कार निर्माता कंपनी मित्सुबिशी मोटर्स कॉरपोरेशन भारत में छोटी कार लांच करने पर विचार कर रही है। कंपनी भारत में छोटी कारों के बाजार में दस्तक देने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रही है। कंपनी भारत में अपने साझेदार हिंदुस्तान मोटर्स से जुदा होकर भी छोटी कारों के बाजार में उतर सकती है। कंपनी के विकल्पों में यह भी एक विकल्प है।

मित्सुबिशी मोटर्स कॉरपोरेशन के एशिया और आसियान के एक्जीक्यूटिव ऑफिसर और कॉरपोरेट जनरल मैनेजर मासाहिको उएकी ने कहा कि हमें मालूम है भारत छोटी कारों का बाजार है और भविष्य में कंपनी इस सेगमेंट में उतरना चाहेगी। उन्होंने कहा कि कंपनी अपनी नई वैश्विक हैचबैक को भारत में लांच करने पर विचार कर सकती है।

उन्होंने बताया कि यह कार सबसे पहले 2012 में थाइलैंड में लांच की जा रही है, जिसे बाद में भारत में लांच किया जा सकता है।

उएकी ने बताया कि छोटी कारों के बाजार में उतरने से पहले कंपनी को सेल्स और सर्विस नेटवर्क स्थापित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि कंपनी भारत में अपने साझेदारी हिंदुस्तान मोटर्स का साथ छोड़कर अकेले भी उतर सकती है। यह भी एक विकल्प है।

उन्होंने कहा कि कंपनी के पास कई विकल्प हैं और फिलहाल कंपनी सभी विकल्पों में संभावनाएं तलाश रही है।

पजेरो स्पोर्ट 23.53 लाख में

हिंदुस्तान मोटर्स ने सोमवार को भारत में मित्सुबिशी की एसयूवी पजेरो स्पोर्ट को लांच किया है। कंपनी ने इस कार की कीमत 23.53 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, नई दिल्ली) तय की है। इस मौके पर हिंदुस्तान मोटर्स के निदेशक ए. शंकर नारायणन ने कहा कि कंपनी को इस नई कार से पहले वर्ष के दौरान 4,000-5,000 इकाइयों की बिक्री की उम्मीद है। फिलहाल यह कार कंपलीटली बिल्ट अप यूनिट के तौर पर आयात की जा रही है। कंपनी सितंबर से इस कार का चेन्नई स्थित अपने प्लांट में सीकेडी निर्माण शुरू करेगी। नारायणन ने बताया कि कंपनी पजेरो स्पोर्ट के सीकेडी निर्माण पर 40-50 करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। सितंबर से इस कार का भारत में निर्माण शुरू हो जाएगा, जिसके बाद इस कार की कीमत में कटौती की जा सकेगी।